झारखंड के किसानों के लिये बनेगा 'चेंबर ऑफ फॉर्मर्स'

चर्चा में क्यों?

5 जनवरी, 2023 को झारखंड की उद्यान निदेशक निशा उरांव ने सभी उपायुक्त को पत्र लिखकर बताया कि राज्य के धनबाद ज़िले के किसानों के लिये 'चेंबर ऑफ फॉर्मर्स' बनाया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- उद्यान निदेशक निशा उरांव ने बताया कि धनबाद में 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' के तहत इस वर्ष मोटे अनाज के उत्पाद एवं मार्केटिंग पर फोकस होगा, जिसके लिये चेंबर ऑफ फॉर्मर्स का गठन किया जाएगा।
- राज्य सरकार ने चेंबर ऑफ फॉर्मर्स के संबंध में संकल्प भी जारी कर दिया है, जिसके लिये 210 लाख रुपए अनुदान के रूप में स्वीकृत भी किया गया है तथा सभी डीसी को ज़िला उद्यान पदाधिकारी के जरिये इसका गठन कराने को कहा गया है।
- चेंबर ऑफ फॉमर्स के गठन का मुख्य उद्देश्य किसानों एवं व्यवसायियों के बीच मार्केट लिंकेज की संभावना को बढ़ावा देना है। इसके लिये ज़िला स्तरीय सहयोग समिति बिनाने की भी तैयारी चल रही है।
- चेंबर ऑफ फॉर्मर्स के गठन की प्रक्रिया के लिये जल्द ही इसकी पूरी कमेटी गठित हो जाएगी। इसमें कुछ विभागीय अधिकारियों के अलावा प्रगतिशील किसानों को शामिल किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chamber-of-farmers